सीएसआईआर-एनजीआरआई विज्ञापन सं. 6/2021 दिनांक 01.09.2021

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनजीआरआई), हैदराबाद, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के अंतर्गत एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है।

यह संस्थान नीचे दिए गए विवरण के अनुसार कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य) और कनिष्ठ आशुलिपिक के पदों की भर्ती के लिए **ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है**:

सीएसआईआर-एनजीआरआई एक ऐसे कार्यबल को रखने का प्रयास करता है जो स्त्री-पुरुष के संतुलन को दर्शाता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अ) महत्वपूर्ण तिथियाँ:

ऑनलाइन आवेदन खुलने की तिथि	**13.09.2021 (सोमवार); सुबह 09.30 बजे**
आवेदनों के ऑनलाइन-प्रस्तुतीकरण के लिए अंतिम तिथि	**15.10.2021 (शुक्रवार); शाम 06.00 बजे**

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर आवेदन करने की बलपूर्वक सलाह दी जाती है।

आ) पदों का विवरण और आनिवार्य योग्यता:

पद कोड	पद का नाम	पदों की संख्या एवं आरक्षण स्थिति	वेतन स्तर / वेतन मैट्रिक्स	अनिवार्य योग्यता	ऊपरी आयु सीमा
जे एस ए जी	कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य)	06 [अना. – 03; अ.पि.व. (गैर समुन्नत वर्ग) – 02; अनु. ज.जा. – 01]	वेतन मैट्रिक्स का स्तर – 2 [₹ 19900 - 63200] (लगभग कुल परिलब्धियाँ ~₹ 32600/- प्रति माह)*	10 + 2 / XII या उसका समतुल्य और डीओपीटी द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर टंकण गति में और कंप्यूटर उपयोग करने में प्रवीणता।	अना. - 28 वर्ष अ.पि.व. (गैर समुन्नत वर्ग) – 31 वर्ष अनु. ज.जा. – 33 वर्ष
कार्य अपेक्षाएँ: चयनित उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए सभी लिपिक और टंकण कार्य और अन्य आधिकारिक कार्य करने की आवश्यकता है।					
पद कोड	पद का नाम	पदों की संख्या एवं आरक्षण स्थिति	वेतन स्तर / वेतन मैट्रिक्स	अनिवार्य योग्यता	उपरी आयु सीमा
जे एस जी	कनिष्ठ आशुलिपिक	01 [अ.पि.व. (गैर समुन्नत वर्ग)]	वेतन मैट्रिक्स का स्तर – 4 [₹ 25500 - 81100] (लगभग कुल परिलब्धियाँ ~₹ 43368/- प्रति माह)*	10 + 2 / XII या उसका समतुल्य और डीओपीटी द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर टंकण गति में और कंप्यूटर उपयोग करने में प्रवीणता।	अ.पि.व. (गैर समुन्नत वर्ग) – 30 वर्ष
कार्य अपेक्षाएँ: सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए आशुलिपिक कार्य और/या उसी प्रकार के अन्य कार्य।					

उपर्युक्त सात पदों [कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य) के छह पद और कनिष्ठ आशुलिपिक का एक पद] में से एक पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए [पात्रता के संबंध में विवरण के लिए, कृपया संलग्नक - I देखें] और कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य) के छह पदों में से एक पद बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्तियों के लिए [आरक्षण वर्ग, कार्यात्मक आवश्यकताओं और उपयुक्तता के लिए, कृपया संलग्नक - II देखें] आरक्षित है।

* कुल परिलब्धियों में 'एक्स' वर्ग शहरों में दिए जाने वाला मकान किराया भत्ता शामिल है।

पद कोड जे एस ए जी और जे एस जी के लिए टंकण परीक्षा: टंकण परीक्षा अंग्रेजी या हिंदी में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में कौशल परीक्षा के माध्यम के लिए अपनी पसंद / विकल्प सूचित करना होगा। टंकण परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। इसे कंप्यूटर पर कराया जाएगा। अंग्रेजी माध्यम के लिए विकल्प देने वाले उम्मीदवारों की टंकण गति 35 शब्द प्रति मिनट और हिंदी माध्यम के लिए विकल्प देने वालों की टंकण गति 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए।

1. <u>परिषद् सेवा के अंतर्गत लाभ:</u>

क) इन पदों के लिए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य और सीएसआईआर के लिए लागू किए गए सामान्य भत्ते, यानी महंगाई भत्ता (डी ए), मकान किराया भत्ता (एच आर ए) परिवहन भत्ता (टी ए) आदि दिए जाते हैं। परिषद् कर्मचारी सीएसआईआर आबंटन नियमों के अनुसार उपलब्धता पर निर्भर होकर उनके हकदारी प्रकार के आवास के लिए भी पात्र हैं, ऐसी स्थिति में मकान किराया भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

ख) परिलब्धियों के अलावा, सीएसआईआर के नियमों के अनुसार, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, छूट्टी यात्रा रियायत, गृह निर्माण अग्रिम जैसे लाभ उपलब्ध हैं।

ग) सभी नए प्रवेशी सीएसआईआर द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए अपनाई गई केन्द्रीय सरकार सेवाओं के लिए 01.01.2004 को या उसके बाद भर्ती नए प्रवेशियों के लिए निश्चित अंशदानों पर आधारित " नई पेंशन योजना" से संचालित किए जाएंगे। हालांकि, भारत सरकार के नमूने वाली पेंशन योजना होने वाले अन्य सरकारी विभागों / स्वायत्त निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों / केन्द्रीय विश्विद्यालयों से चयनित व्यक्ति मौजूदा पेंशन योजना यानी सी सी एस (पेंशन) नियम, 1972 द्वारा संचालित किए जाते रहेंगे।

2. <u>सामान्य शर्तें / सूचना:</u>

क) आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

ख) तैनाती का सामान्य स्थान सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद है। यद्यपि, सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधीन, चयनित उम्मीदवार को किसी भी अनभुाग/प्रभाग में और भारत के किसी भी स्थान पर काम करने के लिए तैनात किया जा सकता है।

ग) सभी आवेदकों को विज्ञापन मे निर्धारित की गई पद की अनिवार्य योग्यताओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है कि वे इस पद के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ रखते हैं। **पात्रता के बारे में सलाह पूछने की किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।** निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं और केवल उनको रखना उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण के लिए बुलाने के लिए हकदार नहीं बनाता है (जैसी स्थिति हो)।

घ) योग्यताएँ और/या अनुभव निर्धारित करने के लिए तिथि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए नियत अंतिम तिथि होगी।

ङ) किसी विषय विशेष / कार्य के क्षेत्र में अनुभव की अवधि को, अगर जरूरत हो, उस पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएँ हासिल करने की तिथि के बाद से गिना जाएगा।

च) **भारत सरकार के अनुदेशों के तहत निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

छ) इस भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में, आवेदन में दी गई सूचना और मूल दस्तावेजों में स्पष्ट सूचना के बीच पाई गई किसी भी विसंगति, उम्मीदवार को इस पद के लिए अपात्र बना देगी।

ज) पात्रताा, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन विधि और परीक्षा संचालित करने से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-एनजीआरआई के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

झ) ऊपर सूचित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और वास्तविक चयन के समय बढ़ या घट सकती है। सीएसआईआर-एनजीआरआई भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापित रिक्तियों के सभी या उनमें से कुछ को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

3. <u>आयु सीमा और छूट:</u>

क) ऊपरी आयु सीमा: अनारक्षित (अना.) वर्ग के लिए कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सा.) के लिए 28 वर्ष और कनिष्ठ आशुलिपिक के लिए 27 वर्ष

ख) आयु में छूट केवल उन पदों पर लागू है जो संबंधित वर्गों के लिए आरक्षित हैं।

ग) ऊपरी आयु सीमा निर्धारित करने के लिए तिथि ऑनलाइन आवेदनों के प्रस्तुतीकरण के लिए नियत अंतिम तिथि होगी।

घ) सीएसआईआर कर्मचारियों के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है।

ङ) विभिन्न वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में अनुमत्य छूट इस प्रकार है:

वर्ग	ऊपरी आयु सीमा से बढ़कर अनुमत्य आयु-छूट
अनु. जा./अनु. ज.जा.	5 वर्ष
अ.पि.व. (गैर समुन्नत वर्ग)	3 वर्ष
बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्ति (पी डब्ल्यू बी डी) (अनारक्षित)	10 वर्ष
बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्ति (पी डब्ल्यू बी डी) (अ.पि.व.)	13 वर्ष
बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्ति (पी डब्ल्यू बी डी) (अनु. जा. /अनु. ज.जा.)	15 वर्ष
भूतपूर्व सैनिक (ई एस एम)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से की गई सैन्य सेवा की कटौती के बाद 03 वर्ष।
सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारी	05 वर्ष
विधवाएँ / तलाकशुदा महिलाएँ / पतियों से न्यायिक रूप में अलग हुई महिलाएँ और जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया हैं।	35 वर्ष की आयु तक
विधवाएँ / तलाकशुदा महिलाएँ / पतियों से न्यायिक रूप में अलग हुई महिलाएँ और जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया हैं। (अनु. जा. /अनु. ज.जा.)	40 वर्ष की आयु तक

3. चयन विधि:

आवेदनों की संख्या बहुत अधिक होने की स्थिति में, लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को निम्न विधियों में से किसी एक या अधिक तरीकों से यथोचित संख्या तक सीमित करने के लिए सीएसआईआर-एनजीआरआई लघु सूचीयन मानदंड अपनाएगा:

i. विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से उच्चतर शैक्षिक योग्यतों के आधार पर।
ii. छानबीन समिति को उपयुक्त लगने वाली किसी अन्य पद्धति

कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य) के लिए चयन प्रक्रिया	लिखित परीक्षा + डीओपीटी के मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर टंकण गति में और कंप्यूटरों का उपयोग करने में प्रवीणता (अर्हक प्रकृति की)
कनिष्ठ आशुलिपिक के लिए चयन प्रक्रिया	लिखित परीक्षा + डीओपीटी के मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर टंकण गति में और कंप्यूटरों का उपयोग करने में प्रवीणता (अर्हक प्रकृति की)
दोनों पद कोड के लिए प्रवीणता मानदंड	अंग्रेजी टंकण @ 35 श.प्र.मि. या हिंदी टंकण @ 30 श.प्र.मि. प्रत्येक शब्द के लिए 5 की डिप्रेशनों के औसतन पर 35 श.प्र.मि./30 श.प्र.मि. 10500 के डी पी एच / 9000 के डी पी एच (की डिप्रेशन प्रति घंटा) के अनुरूप हैं।

कनिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए लिखित परीक्षा की योजना : बाद में सूचित की जाएगी

कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पदों के लिए लिखित परीक्षा की योजना

प्रश्न	ओ एम आर / कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न
प्रश्नों का माध्यम	अंग्रेजी भाषा में प्रश्नों को छोड़कर अंग्रेजी तथा हिंदी
परीक्षा का स्तर	कक्षा XII
कुल प्रश्नों की संख्या	200
कुल आबंटित समय	2 घंटे 30 मिनट

लिखित परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण

पेपर – I (आबंटित समय – 90 मिनट)

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	ऋणात्मक अंक
मानसिक योग्यता परीक्षा *	100	200 (हरेक सही जवाब के लिए दो अंक)	इस प्रश्नपत्र में ऋणात्मक अंक नहीं होंगे।

*मानसिक योग्यता परीक्षा में सामान्य बुद्धिमत्ता, परिमाणात्मक अभिरुचि, तर्कशक्ति, समस्या हल, स्थितिपरक निर्णय आदि शामिल होते हैं।

पेपर – II (आबंटित समय – 1 घंटे)

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	ऋणात्मक अंक
सामान्य जानकारी	50	150 (हरेक सही जवाब के लिए तीन अंक))	हरेक गलत जवाब के लिए एक ऋणाात्मक अंक
अंग्रेजी भाषा	50	150 (हरेक सही जवाब के लिए तीन अंक))	हरेक गलत जवाब के लिए एक ऋणाात्मक अंक

दूसरे प्रश्न पत्र का मूल्यांकन केवल उन उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा जो पहले प्रश्नपत्र में न्यूनतम सीमा अकं (चयन समिति द्वारा निर्धारित किया जाना है) प्राप्त करते हैं। अंतिम योग्यता उम्मीदवारों द्वारा केवल पेपर- II में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी.

4. <u>आवेदन कैसे करें:</u>

क) पात्र उम्मीदवार वेबसाइट http://www.ngri.org.in पर उपलब्ध लिंक द्वारा ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की किसी अन्य विधि पर विचार नहीं किया जाएगा।

ख) उपर्युक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को www.ngri.org.in में अनुदेश पृष्ठ पढ़ना चाहिए।

ग) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में दिए गए लिंक के जरिए आवेदन शुल्क (प्रत्येक पद कोड के लिए अलग से) के लिए 100/- (एक सौ रुपये मात्र) की राशि भुगतान करना होगा। **<u>अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्ति / महिलाओं / सीएसआईआर के कर्यचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।</u>** डीडी, चालान, पोस्टल आर्डर जैसी अन्य भगुताान पद्धति स्वीकार्य नहीं है।

घ) नियत स्थान पर भुगतान विवरण (रसीद संख्या / चालान संख्या) का उल्लेख करना होगा।

ङ) उम्मीदवार को अपना फोटो (40 केबी से अधिक नहीं) और हस्ताक्षर (20 केबी से अधिक नहीं) संबंधित निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड भी करना होगा।

च) यदि कोई दस्तावेज/प्रमाण पत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में प्रस्तुत किया जाता है, तो किसी राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत् रूप से अनुप्रमाणित उसका एक प्रतिलेख भी प्रस्तुत करना आवश्यक है।

छ) अनिवार्य योग्यताओं में समतुल्य वाक्यांश के विषय में, यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष योग्यता को विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार समतुल्य योग्यता के रूप में दावा कर रहा है, तो, उम्मीदवार को इस संबंध में, उस प्राधिकार को (संख्या एवं तिथि के साथ), जिसके तहत उसे ऐसा माना गया है, सूचित करते हुए आदेश/पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है।

ज) सीजीपीए / एसजीपीए / ओजीपीए ग्रेड आदि प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों / संस्थानों के मामले में, उम्मीदवारों से उन्हें अपने विश्वविद्यालय / संस्थान के सूत्र के आधार पर प्रतिशतता में परिवर्तित करने का अनुरोध किया जाता है।

झ) सरकारी विभागों / स्वायत्त संस्थाओं / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब आवेदन नियोक्ता से लिए गए अनापत्ति प्रमाणपत्र के साथ उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाता है।

6. <u>निम्नलिखित दास्तावेजों को (एकल पीडीएफ के रूप में) उसी क्रम में (10 एमबी से अधिक नहीं) अपलोड किया जाना है।</u>
<u>(जो भी लागू हो)</u>

अ) 10वीं कक्षा अकं सूची / उत्तीर्णता प्रमाणपत्र
आ) 12 / XII कक्षा अकं सूची / उत्तीर्णता प्रमाणपत्र
इ) स्नातक उपाधि अकं सूची / उत्तीर्णता प्रमाणपत्र
ई) स्नातकोत्तर उपाधि अकं सूची
उ) वर्तमान नियोक्ताा से अनापत्ति प्रमाणपत्र
ऊ) जाति वर्ग प्रमाणपत्र
ऋ) आशुलिपि प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
ए) अन्य (कोई हो)

इस विज्ञापन के संबधं में आगे की कोई भी सूचना जैसे लिखित परीक्षा की तिथि, समय या अन्यथा, परिशिष्ट / शुद्धि-पत्र या पद की संख्या में कोई परिवर्तन / पद को रद्द करना आदि मात्र सीएसआईआर-एनजीआरआई वेबसाइट <u>www.ngri.org.in</u> के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसलिए उम्मीदवारों को तदनुसार नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है।

<u>किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना और / या राजनीतिक या अन्यथा प्रभावित करना पद(दों) के लिए अयोग्यता मानी जाएगी।</u>

<u>किसी भी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>

ह/
प्रशासन नियंत्रक

संलग्नक – I

1. ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपनी पुनर्नियुक्ति के लिए भूतपूर्व सैनिक को दिए जाने वाले आरक्षण के लाभ को प्राप्त करके नियमित आधार पर केन्द्र सरकार के अंतर्गत सिविल पदों पर समूह 'ग' और 'घ' पदों में पहले से ही नौकरी प्राप्त कर ली है, वे भूतपूर्व सैनिक वर्ग में आरक्षण और शुल्क में छूट प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं। तथापि, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी दिनांक 14 अगस्त्त, 2014 के का.ज्ञा.सं. 36034/1/2014-स्था(आर.) में यथा उल्लिखितानुसार वे उत्तरवर्ती नियोजन के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं यदि उन्होंने सिविल नौकरी में पदभार ग्रहण करने के तत्काल बाद उन विभिन्न रिक्तियों, जिनके लिए उन्होंने प्रारंभिक सिविल नौकरी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले आवेदन किया था, के आवेदनों के तिथि-वार ब्यौरे के बारे में संबंधित नियोक्ता को स्वयं-घोषणा की है/वचनबंध दिया है।

2. सशस्त्र सेनाओं में एक भूतपूर्व सैनिक की “काल अप सर्विस” की अवधि आयु में छूट प्राप्त करने के उद्देश्य से नियमानुसार सशस्त्र सेनाओं में प्रदत्त सेवा के रूप में भी मानी जाएगी।

3. आरक्षण के लाभों को प्राप्त करने के प्रयोजन से भूतपूर्व सैनिक माने जाने के लिए संघ की तीनों सशस्त्र सेनाओं के किसी भी सैनिक के लिए आवश्यक है कि उसने इस पद/सेवा के लिए आवेदन पत्र भेजने के संगत समय पर भूपूसै का दर्जा पहले ही हासिल कर लिया हो, अथवा उसे सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेजी सबूतों के द्वारा अपनी इस अर्जित हकदारी को सिद्ध करने की स्थिति में होना चाहिए कि वह आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर सशस्त्र सेनाओं की विनिर्दिष्ट सेवा की अवधि पूरी कर लेगा। ऐसे अभ्यार्थियों को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर एक भूतपूर्व सैनिक का दर्जा भी आवश्य प्राप्त कर लेना चाहिए।

स्पष्टीकरण: भूपूसै से आशय उस व्यक्ति से है:

3.1 जिसने भारतीय संघ की नियमित थल सेना, नौ सेना या वायु सेना में लड़ाकू सैनिक अथवा गैर लड़ाकू सैनिक के रुप में किसी भी पद पर सेवा की हो, तथा

i. जो अपनी पेंशन अर्जित करने के पश्चात अपने अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा सेवा मुक्त किए जाने पर ऐसी सेवा से सेवा निवृत्त हुआ हो या निर्मुक्त हुआ हो या छोड़ा गया हो; या

ii. जिसे सैनिक सेवा/अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण ऐसी सेवा से चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किया गया हो तथा जिसे चिकित्सा अथवा अन्य अशक्तता पेंशन दी गई हो; या

iii. जिसे कर्मचारियों में कटौती के परिणामस्वरुप उस सेवा से कार्यमुक्त किया गया हो;

या

3.2 जिसे सेवा की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद, अपने अनुरोध अथवा दुराचरण अथवा अकुशलता के कारण सेवामुक्त या बर्खास्त्त न होकर किसी अन्य कारण से सेवामुक्त किया गया हो तथा जिसे सेवा उपदान दिया गया हो और इसमें प्रादेशिक सेना के कार्मिक नामतः निरंतर मूर्त्त सेवा अथवा अलग-अलग अवधियों में की गई अर्हक सेवा वाले पेंशनधारी भी शामिल हैं;

अथवा

3.3 सैन्य डाक सेवा के कार्मिक जो कि नियमित सेना के अंग हैं और जो अपनी मूल सेवा में प्रत्यावर्तित हुए बिना सैन्य डाक सेवा से पेंशन सहित सेवा निवृत्त हुए हैं अथवा अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण अथवा सैन्य सेवा के कारण चिकित्सा आधार पर अशक्त होकर सैन्य डाक सेवा से कार्यमुक्त हुए हैं और उन्हें चिकित्सा अथवा अन्य निःशक्ता पेंशन मिली हुई है;

अथवा

3.4 ऐसे कार्मिक जो 14 अप्रैल 1987 से पूर्व सैन्य डाक सेवा में 06 माह से अधिक अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर थे;

अथवा

3.5 प्रांतीय सेना के कार्मिकों सहित सशस्त्र सेनाओं के वीरता पुरस्कार विजेता;

अथवा

3.6 भर्ती हुए भूतपूर्व सैनिक जिन्हें चिकित्सा आधार पर निकाला गया है अथवा कार्यमुक्त किया गया है और जिन्हें चिकित्सा निःशक्तता पेंशन दी गई है।

4. एक मैट्रिक उत्तीर्ण भूतपूर्व सैनिक (जिसमें वह भूतपूर्व सैनिक शामिल है, जिसने भारतीय सैन्य शिक्षा का विशेष प्रमाणपत्र या नौ सेना या वायु सेना में तदनुरूपी प्रमाणपत्र प्राप्त किया है) जिसने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक संघ की सशस्त्र सेनाओं में न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा की है, उसे केवल भूपूसै के लिए आरक्षित पदों के प्रति समूह 'ग' पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र समझा जाएगा। इसलिए, जिन मैट्रिक उत्तीर्ण भूतपूर्व सैनिकों ने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक 15 वर्ष की सेवा पूरी नहीं की है वे इन पदों के लिए पात्र नहीं हैं।

संलग्नक – II

कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सा.) के लिए बेंचमार्क निःशक्तता वाले व्यक्ति आरक्षण वर्ग:
वर्ग (बी) – वाक्यांश (बी): बधिर और सुनने की विकलांगता;
या
वर्ग (डी) – वाक्यांश (डी) या (ई):
(डी) स्वलीनता, बौद्धिक निःशक्तता, निर्दिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक रोग;
(ई) बधिर-दृष्टिलोप सहित वाक्यांश (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में बहु निःशक्तताएँ

कार्यात्मक आवश्यकता: एस=बैठना, एसटी=खड़ा होना, डब्ल्यू=चलना, एमएफ=अंगुलियों द्वारा व्यवहार करना, आरडब्ल्यू=पढ़ना और लिखना, एसई=देखना, सी=संप्रेषण करना,

वर्ग: बी=अंध, एलवी=अल्प दृष्टि, डी=बधिर, एचएच=सुनने की विकलांगता, ओए=एक बांह, ओएल=एक टाँग, बीए=दोनों बांह, बीएल=दोनों टांगें, ओएएल=एक बांह और एक टांग, सीपी=प्रमस्तिष्क पक्षाघात, एलसी=कुष्ठ रोगमुक्त, डीडब्ल्यू=वामनता, एएवी= एसिड हमले के शिकार, एमडीवाई=मांसपेशीय दुर्विकास, एएमडी=स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार (एम=मंद), एसएलडी=निर्दिष्ट अधिगम निःशक्तता, एमआई=मानसिक रोग

[कार्यात्मक आवश्यकताएँ: एस, एसटी, डब्ल्यू, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी
उपयुक्तता: बी, एलवी, डी, एचएच, ओए, ओएल, बीए, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई]